**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 28.07.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

- **लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी, कार्यवाही रात 12 बजे तक बढ़ायी गयी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी करेंगे भारतीय सैनिकों की सफलता का बखान।**
- **राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।**
- **रांची, हजारीबाग और धनबाद से आठ अपराधी गिरफ्तार, रक्षा राज्य मंत्री को धमकी देने वाला भी पकड़ाया, गिरिडीह में एसीबी की छापेमारी।**
- **देवघर में सावन की तीसरी सोमवारी पर अब तक तीन लाख से ज्यादा कांवरियों ने किया जलाभिषेक, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रात दस बजे तक खुले रहेंगे मंदिर के पट।**
- **और**
- **राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश का सिलसिला जारी। रांची, रामगढ़ और बोकारो समेत 13 जिलों में कल तेज हवा के साथ भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी।**

******************

लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरूद्ध इस कार्रवाई को भारत की सशक्त, सफल और निर्णायक सैन्य कार्रवाई बताया है।

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को देखते हुए लोकसभा की कार्यवाही रात 12 बजे तक के लिए बढ़ा दी गयी है। सदन में रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ भी चर्चा में भाग लेंगे।

******************

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए उन्होंने कई दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने सभी कुलपतियों को वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिये। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

******************

रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रांची पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है।

श्री सिन्हा ने बताया कि पिछले 18 जुलाई को अरगोड़ा थाना क्षेत्र में ई–रिक्शा चालक से हुए लूटकांड का भी पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस सिलसिले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

******************

उधर, हजारीबाग में पुलिस ने एक आपराधिक गिरोह के चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। अपराधी ठेकेदारों और व्यवसाइयों से लेवी वसूलने जा रहे थे।

******************

धनबाद जिले में एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर द्वारा दर्ज कराए गए लूटकांड का भी पुलिस ने खुलासा कर लिया गया है। डीएसपी धीरेंद्र नारायण बंका ने बताया कि खुद कर्मचारी ने ही साजिश रचकर 74 हजार 500 की रकम छिपाकर पुलिस में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

******************

भ्रष्टाचार के मामले में एसीबी धनबाद की टीम ने आज गिरिडीह में एक बार फिर छापेमारी की है। शहर के पंजाबी मोहल्ला में रहने वाले पीरटांड प्रखंड कर्मी प्रदीप गोस्वामी के घर पर एसीबी की 10 सदस्यीय टीम आय से अधिक संपति की जांच में जुटी हुई है। एसीबी धनबाद के डीएसपी विनोद महतो ने बताया कि प्रदीप गोस्वामी पर आय से अधिक संपति होने की सूचना पर जांच की जा रही है।

******************

रांची सिविल कोर्ट ने सरेंडर के बाद जेल में बंद नक्सली कुंदन पाहन को पुलिस की टीम पर हमला करने के मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सिविल कोर्ट के अपर न्याययुक्त संजीव झा की अदालत में आज इस मामले में सुनवाई हुई।

******************

सावन की तीसरी सोमवारी पर आज करीब चार लाख कांवरिया बाबाधाम पहुंचे हैं। वे कतारबद्ध होकर जलाभिषेक कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि अब तक तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालु बाबा का जलाभिषेक कर चुके हैं।

******************

राज्यभर के सरकारी एम्बुलेंस कर्मी अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर आज से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इससे स्वास्थ्य सेवा पर असर पड़ा है। पलामू, कोडरमा समेत राज्य के अन्य हिस्सों में अपनी मांगों पर जोर डालने के लिए सभी कर्मियों ने धरना प्रदर्शन किया।

******************

केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची की ओर से आज एक पेड़ मां के नाम, विश्व हेपिटाइटिस दिवस और  विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एसएस डोरंडा प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची वन प्रमंडल के विशेष कार्य पदाधिकारी गौरव नाथ यादव, जेएन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉक्टर शमशुन नेहार और सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान समेत कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

******************

तकनीकी कारणों की वजह से रांची के रास्ते चलने वाली ट्रेन संख्या शून्य आठ छह एक एक सांतरागाछी से अजमेर साप्ताहिक समर स्पेशल आज अपने निर्धारित प्रस्थान समय सात बजकर पचपन मिनट से चार घंटे 35 मिनट विलंब से यानी रात साढ़े बारह बजे संतरागाछी स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

******************

राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कल रांची, रामगढ़ और बोकारो समेत उत्तर–पूर्वी और उससे सटे मध्य भाग के 13 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार कुछ जगहों पर 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगी और कुछ जगह पर वज्रपात होने की भी आशंका है। लोगों को सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी गयी है।

******************

पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त ने आज प्रथम राज्य स्तरीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली बालिका टीम की खिलाड़ियों से भेंट की और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों से संवाद किया और उनके मनोबल को प्रोत्साहित किया।

******समाप्त*******